**महत्वपूर्ण**

पत्र सख्या-स्था-6सा0 कम्प्यू0// भा0स0मा0मं0-सचि0पत्र //2022-23// 4155 // राज्य कर

प्रेषक,

आयुक्त , राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

सेवा में,

समस्त जोनल अपर आयुक्त ,
राज्य कर, उत्तर प्रदेश ।

**(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)** **दिनांक:: 23 /दिसम्बर, 2022**

महोदय,

कृपया पत्र के साथ संलग्न संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र सं0 1794/11-03-2022 राज्य कर अनु0-3 लखनऊ दिनाँक 21-12-2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा **भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण तथा सचिवगण के दिनाँक 01-06-2022 से 30-11-2022 तक प्राप्त पत्रों पर की गयी कार्यवाही व भेजे गये पत्र के विवरण की सूचना निर्धारित प्रारुप में** भरकर उपलब्ध कराने के निर्देश निर्गत किये गये है।

अतः उपरोक्त के संदर्भ में अनुरोध है कि उपर्युक्त पत्र द्वारा दिये गये निर्देशानुसार वांछित सूचना-(**दिनाँक 01-06-2022 से 30-11-2022 तक**) संकलित कर निर्धारित प्रारुप में भरकर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर **दि0 27-12-2022 तक** डाक /ई-मेल **(nodalofficer20@gmail.com)** के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि वाँछित सूचना अविलम्ब शासन को प्रेषित की जा सकें।

**संलग्नक: उपरोक्तानुसार ।**

**(ओम प्रकाश वर्मा)**
**अपर आयुक्त राज्य कर**
**प्रभार- अपर आयुक्त (प्रशा0)**
**कार्या0-आयुक्त राज्य कर, उ0प्र0 लखनऊ ।**

**प्रतिलिपि,पृष्ठांकन, पत्र सं0व दिनांक उक्त ।**

1- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को **विभागीय वेबसाइट पर एवं समस्त जोनल अपर आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश के ई-मेल पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित ।**

**अपर आयुक्त राज्य कर**
**प्रभार- अपर आयुक्त (प्रशा0)**
**कार्या0-आयुक्त राज्य कर, उ0प्र0 लखनऊ ।**

22.12.2022

**प्राथमिकता / समयबद्ध**
**संख्या–1794 / 11–3–2022**

प्रेषक,

सुनील यादव,
उप सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर
उ0प्र0,लखनऊ।

राज्य कर अनुभाग–3 लखनऊःदिनांकः 21 दिसम्बर,2022

विषयः– भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण तथा सचिवगण के दिनांक 01.06.2022 से 30.11.2022 तक प्राप्त पत्रों पर की गई कार्यवाही की अद्यतन सूचना के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन–1 (नियोजन विभाग) उ0प्र0 शासन का पत्र संख्या–2792 / 22 17एम(13) / 35–आ–1 / 2020–20 टी0सी0 दिनांक 13.12.2022 के पत्र की प्रति प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पत्र में की गयी अपेक्षानुसार विभाग में भारत सरकर के मा0मंत्रीगण तथा सचिवगण के दिनांक 01.06.2022 से 30.11.2022 तक, जो भी पत्र प्राप्त हुये है, उनके संबंध में अब तक की गई कार्यवाही की अद्यतन सूचना निर्धारित प्रारूप पर नियोजन विभाग की ई–मेल पर उपलब्ध कराने के साथ सूचना की एक प्रति शासन को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकःयथोक्त।

भवदीय,
(हस्ताक्षर)
(सुनील यादव)
उप सचिव।

JC/ विधि/ ...

**संख्या–1794(1) / 11–3–2022–तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

1– अनुभाग अधिकारी, राज्य कर अनुभाग–1 / 2 / 4 एवं 6 को इस आशय से प्रेषित कि स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन–1 (नियोजन विभाग) उ0प्र0 शासन के पत्र दिनांक 13.122022 में की गयी अपेक्षानुसार भारत सरकर के मा0मंत्रीगण तथा सचिवगण के दिनांक 01.06.2022 से 30. 11.2022 तक, जो भी पत्र प्राप्त हुये है उनके संबंध में अब तक की गई कार्यवाही की अद्यतन सूचना अतिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे संकलित सूचना नियोजन विभाग को प्रेषित की जा सके।

संलग्नकःयथोक्त।

अपर आयुक्त (...)
21/12/2022
539

आज्ञा से,
(सुनील यादव)
उप सचिव।

CS CamScanner

1794/11-3-22

27/12/22
संo- 17एम(13)/35-आ0-1/2020-20 टीएसी0

प्रेषक,

ऋषिकेश दूबे ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

5254/PS/ST/22

सेवा में,

बि.स. (SRM)

समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव,
उ0प्र0 शासन।

स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन-1 (नियोजन विभाग) लखनऊ : दिनांक 13 दिसम्बर, 2022

विषय : भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण एवं सचिवगण के प्राप्त पत्रों पर कार्यवाही किये जाने के संदर्भ में।

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण तथा सचिवगण के पत्रों पर अत्यंत तत्परता से कार्यवाही करते हुए उनका समुचित उत्तर तत्काल भारत सरकार को भेजा जाना उ0प्र0 सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मा0 मंत्रीगण / सचिवगण के संदर्भों के सम्बंध में भारत सरकार को समय से उत्तर न भेजे जाने पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा भी चिंता व्यक्त की जा चुकी है। इस सम्बंध में मुख्य सचिव कार्यालय के पत्र सं0- 448/पी.एस.एम.एस./2021 दिनांक 02 जुलाई, 2021 ( प्रतिलिपि संलग्न) द्वारा निर्देश भी जारी किये गये हैं ।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके विभाग में भारत सरकार के मा0 मंत्रिगण तथा सचिवगण के दिनांक 01.06.2022 से 30.11.2022 तक जो भी पत्र प्राप्त हुए हैं उनके सम्बन्ध में अब तक की गयी कार्यवाही की अद्यावधिक सूचना संलग्न प्रारूप पर हार्डकापी में नियोजन विभाग को तथा सूचना की साफ्टकापी ईमेल pushpendra.spc@up.gov.in तथा manojkumargupta123@yahoo.com पर उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक: उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(ऋषिकेश दूबे)

विशेष सचिव

S-O-3
15-12-22

21/12/2022

Lambit Prakaran(1)

संलग्नक-1

## दिनांक 01.06.2022 से 30.11.2022 तक भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण तथा सचिवगण के प्राप्त पत्रों के संबंध में कृत कार्यवाही का विवरण

### भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण से प्राप्त पत्रों का विवरण

विभाग का नाम:

| क्रम संख्या | भारत सरकार के पत्र की संख्या व दिनांक | विषय वस्तु (सूक्ष्म में) | विभाग द्वारा कृत कार्यवाही | यदि कार्यवाही लम्बित है तो उसका कारण | भारत सरकार को भेजे गये उत्तर की पत्र संख्या एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

### भारत सरकार के मा0 सचिवगण से प्राप्त पत्रों का विवरण

विभाग का नाम:

| क्रम संख्या | भारत सरकार के पत्र की संख्या व दिनांक | विषय वस्तु (सूक्ष्म में) | विभाग द्वारा कृत कार्यवाही | यदि कार्यवाही लम्बित है तो उसका कारण | भारत सरकार को भेजे गये उत्तर की पत्र संख्या एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |



CS Cam

मुख्य सचिव कार्यालय, उत्तर प्रदेश शासन

प्रथम तल, लोक भवन, उत्तर प्रदेश सचिवालय, लखनऊ

दूरभाष संख्याः 0522-2289212, 2289296, फैक्स-2239283

email- csup@nic.in

महत्वपूर्ण/समयबद्ध

संख्या : ५४९/पी.एस.एम.एस./2021

दिनांक : 02 जुलाई, 2021

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण व सचिवगण से प्राप्त संदर्भो/पत्रों पर समय से कार्यवाही न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गयी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी निरन्तर आपको भारत सरकार के लम्बित संदर्भों का त्वरित निस्तारण कर भारत सरकार को अवगत कराने हेतु समय-समय पर निर्देश दिये गये हैं और नियमित समीक्षा भी की जाती रही है।

आपसे अपेक्षा है कि भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण व सचिवगण से प्राप्त संदर्भो/पत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए विलम्बतम् 10 दिनों में उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए तथा आख्या से भारत सरकार को अवगत कराया जाए।

कृपया उपरोक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

01.07.2021

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)

मुख्य सचिव

उत्तर प्रदेश शासन

(सुरेश चन्द्रा)

अपर मुख्य सचिव,

नियोजन, कार्यक्रम कार्यान्वयन

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,

उ0प्र0 शासन